# डकैती की योजना बनाते दो युवतियों सहित छह जने गिरफ्तार

## पुलिस ने दो पिस्टल, बैस बॉल का डंडा, स्टिक व तीन बाइक भी जब्त की



गंगापुर थाना पुलिस ने डकैती की योजना बनाते दो युवतियों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया।

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले की गंगापुर थाना पुलिस ने भीलवाड़ा-उदयपुर हाइवे पर वाहन चालकों के साथ डकैती की बड़ी वारदात की योजना बनाते दो युवतियों सहित छह लोगों को वारदात से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से दो पिस्टल, बैस बॉल का डंडा, स्टिक व तीन बाइक भी जब्त की है।

गंगापुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गंगापुर पुलिस को गुरुवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे डीएसटी से सूचना मिली कि भीलवाड़ा-उदयपुर हाइवे पर वाहन चालकों के साथ डकैती की एक गैंग योजना बना रही है। यह गैंग, हाइवे पर चौधरी होटल के नजदीक से रावण मंगरी जाने वाले लिंक रोड पर झाड़ियों की ओट में छिपी है। सूचना पर गंगापुर थाने से एएसआई रज्जाक मोहम्मद मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। जहां दो युवतियों सहित छह लोग वाहन चालकों से डकैती की योजना बनाते मिले। पुलिस ने इन सभी छह लोगों को पकड़ा। पूछताछ करने पर आरोपितों ने खुद को केमूनिया निवासी केसरलाल पुत्र जयसिंह जाट, कोशिथल निवासी मनमोहन पुत्र शंकरसिंह चुंडावत, गंगापुर निवासी नारायण पुत्र हरीशंकर शर्मा व चमनपुरा निवासी कैलाश पुत्र नारायण गुर्जर, जबकि युवतियों ने खुद को पुर थाना इलाके की रहने वाली पायल और चित्तौड़गढ़ के निकुंभ थाना इलाके में रहने वाली संगीता होना बताया। पुलिस ने इन आरोपितों में से केसरलाल व मनमोहन से एक-एक पिस्टल, नारायण से स्टिक व कैलाश से बैस बॉल का डंडा जब्त किया।

- यह गिरोह सोशल साइट इंस्टाग्राम पर भी एक्टिव रहकर लोगों को प्रेम जाल में फांसने का प्रयास कर चुका है

इसके अलावा इनकी तीन बाइक भी पुलिस ने जब्त कर ली। पुलिस ने इन सभी को गिरफ्तार कर केस दर्ज कर लिया। इसकी जांच एएसआई नारायण लाल कर रहे हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यह गिरोह सोशल साइट इंस्टाग्राम पर भी एक्टिव रहकर लोगों को प्रेम जाल में फांसने का प्रयास कर चुकी है, लेकिन सतर्कता के चलते लोग इनके जाल में नहीं फंसे, इसलिए इस गैंग ने युवतियों के जरिये वाहन चालकों को रुकवाकर उनके साथ लूटपाट की यह योजना बनाई थी।

# अवैध कोयला भट्टियों को प्रशासन ने नष्ट कराया



निम्बाहेड़ा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कोयले की भट्टियों पर कार्रवाई की।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की रायला उप तहसील के निम्बाहेड़ा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कोयले की भट्टियों पर कार्रवाई की गई है। गुरुवार को शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कोयले की भट्टियों पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पीला पंजा चलाया गया। क्षेत्र में इन अवैध कोयला भट्टियों के चलते लगातार शिकायते मिल रही थी। अवैध भट्टियों को लेकर क्षेत्र के लोगों से अवैध कोयला भट्टियों से प्रदूषण फैलने का अंदेशा जताया था।

- क्षेत्र के लोगों ने अवैध कोयला भट्टियों से प्रदूषण फैलने का अंदेशा जताया था

बनेड़ा तहसीलदार नारायण लाल ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कोयले की भट्टियों के खिलाफ लगातार शिकायत मिल रही थी। जिस पर उपखंड अधिकारी व तहसीलदार को इन पर कार्रवाई करने के निर्देश दे रखे हैं। जिले में पिछले दिवस की क्षेत्र में करीब 500 अवैध कोयला भट्टियों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें से गुरुवार को निंबाहेड़ा कलां में अवैध रूप से संचालित कोयले की भट्टियों को हटाया गया है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां नहीं होगी। सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। अवैध कोयले की भट्टियों के संचालन की जानकारी मिलते ही, तुरंत उन पर एक्शन लिया जाता है। इस कार्रवाई में तहसीलदार नारायण लाल, रायला-बनेड़ा नायब तहसीलदार, गिरदावर, पटवारी देवेंद्र जांगिड़, कुंडिया कलां पटवारी ओमप्रकाश सवालका मौजूद रहे।

# पाली में तेज बारिश हुई



पाली शहर में बारिश होने से शहर की सड़कों पर पानी भर गया।

**पाली,** (नि.सं.)। पाली जिले में मानसून का प्रवेश हो चुका है, दिनभर जिले में बारिश हुई। पाली शहर में हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन रात 7:45 बजे जोरदार बारिश का दौर शुरू हुआ, जिसमें जो जहां था वहीं फंस गया, जिससे शहर की सड़कों पर पानी भर गया, ऐसे मे लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ा।

तेज बारिश होने से सड़कों पर पानी भर गया। बारिश का दौर करीब 2 घंटे तक चला। जल संसाधन विभाग के नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में प्रात: 8:30 बजे तक सुमेरपुर उपखंड क्षेत्र में सर्वाधिक 28 एमएम बारिश दर्ज की गई। इसी प्रकार रानी में 24 एमएम, देसूरी में 20, मारवाड़ जंक्शन में 15, सोजत में 8, पाली में 6, बाली में 5, रोहट उपखंड क्षेत्र में 3 एमएम बारिश दर्ज की गई।

## रोडवेज बस में 34 में से 20 यात्री बिना टिकट मिले

**अनूपगढ़,** (निसं)। यहां राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अनूपगढ़ आगार द्वारा बिना टिकट यात्रा पर सख्ती बरतते हुए श्रीगंगानगर से घड़साना जा रही रोडवेज में कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई 20 पीएस चेक पॉइंट पर की गई। चेकिंग के दौरान बस में कुल 34 यात्री सवार थे, जिनमें से 20 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए। उड़न दस्ते ने मौके पर ही किराया और अधिभार मिलाकर 7,610 रुपए वसूल किए। जिसके बाद बस परिचालक नवीन कुमार बोहित को ऑफ रूट कर दिया।

आगार प्रबंधक राजीव कुमार ने बताया कि विभागीय स्तर पर निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। आगार की तरफ से लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इस प्रकार की कार्रवाई का उद्देश्य न केवल राजस्व की रक्षा करना है बल्कि परिचालन में ईमानदारी और पारदर्शिता भी सुनिश्चित करना है। विभाग द्वारा उड़न दस्ते की नियमित चेकिंग जारी रहेगी।

मुख्य प्रबंधक राजीव कुमार ने बताया कि अनूपगढ़ आगार द्वारा मई 2025 में 47 हजार रुपए तथा जून माह में अब तक 23 हजार रुपए की वसूली की जा चुकी है।

# वन विभाग की टीम पर अवैध खनन रोकने पर खननकर्ताओं ने किया हमला

**पावटा,** (निसं)। प्रागपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के तहत आने वाले बुचारा वन क्षेत्र के बढियाली की ढाणी में वन विभाग की टीम पर अवैध खनन रोकने पर हमला करने पर वन विभाग ने प्रागपुरा पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है।

जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम ने अवैध खनन की सूचना पर कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टरों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन खननकर्ताओं ने टीम पर हमला कर दिया। रेंजर सतपाल ढिलाण, वनपाल शेरसिंह बाकोलिया, वनरक्षक दिनेश गुर्जर, कैलाश यादव, यादराम, अशोक गुर्जर समेत मीर सिंह सहायक वनपाल आदि ने बताया कि प्रागपुरा थाना इलाके के ग्राम पंचायत बुचारा में बढियाली की ढाणी स्थित वन विभाग की भूमि पर मंगलवार सुबह अवैध खनन कर पत्थर निकाले जा रहे थे। जब उनकी टीम ने अवैध खनन को रोकने की कोशिश की, तो खननकर्ताओं ने टीम पर हमला कर दिया। हमलावरों ने वन विभाग की टीम के साथ धक्का-मुक्की की और गाली-गलौज की।

- हमलावरों ने वन विभाग की टीम के साथ धक्का-मुक्की की और गाली-गलौज की
- वनरक्षक दिनेश गुर्जर का मोबाइल छीनने और वर्दी फाड़ने की कोशिश की



घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

हमलावरों ने वनरक्षक दिनेश गुर्जर का मोबाइल छीनने की कोशिश की और वर्दी फाड़ने की कोशिश की। वहीं कुछ महिलाओं ने भी वनकर्मियों पर दवाब बनाते हुए अपने कपड़े फाड़कर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में प्रागपुरा पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हमलावरों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। वन विभाग की टीम ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने का फैसला किया है और आगे भी अवैध खनन को रोकने के लिए छापेमारी की जाएगी।

## लॉरेंस विश्नोई का गुर्गा गिरफ्तार

उदयपुर, (निसं)। गुजरात पुलिस ने लॉरेंन्स विश्नोई गैंग के गुर्गे को उदयपुर से गिरफ्तार किया। अहमदाबाद की क्राईम ब्रांच की टीम बुधवार को लॉरेन्स विश्नोई गैंग के गुर्गे मनोज सालवी को उदयपुर से गिरफ्तार अपने साथ ले गई। सोशल मीडिया जरिये लॉरेन्स की गैग के संपर्क में आने के बाद मिले निर्देशों का पालन कर मनोज सालवी ने तस्करी कर राजस्थान सहित कई राज्यों में हथियार सप्लाई करना शुरू कर दिया। इसको लेकर मनोज के खिलाफ कई राज्यों में प्रकरण दर्ज है। मनोज सालवी ने किशोर अवस्था में अपराध करना शुरू किया था। अपनी इच्छानुसार सोशल मीडिया जरिये लॉरेंस गैंग के संपर्क में आया था इस दौरान लॉरेंस के भाई अनमोल से मोबाइल पर बातचीत करने की जानकारी सामने आई है।

## जानलेवा हमले के आरोपी को 10 साल का कारावास

**बीकानेर,** (निसं)। अपर सत्र न्यायाधीश संख्या 5 के पीठासीन अधिकारी अनुभव सिडाना ने जानलेवा हमले के एक मामले में आरोपी को 10 साल के कारावास और 1.11 लाख रुपए की सजा सुनाई है। यह राशि पीड़ित पवन को दी जाएगी।

- 1.11 लाख रुपए की सजा सुनाई है, यह राशि पीड़ित को दी जाएगी

परिवादी रामकिसन ने एक अक्टूबर, 2015 को नापासर पुलिस थाने में रिपोर्ट दी थी कि वह हरिरामपुरा में रहता है। उसका चाचा आरोपी बजरंगलाल अपने ससुराल नोखा में रह रहा है। आरोपी चाचा नोखा से अपने भाइयों तेजाराम, प्रभुराम, ओमप्रकाश के पास आया। परिवादी और उसका परिवार चाचा तेजाराम के मकान के पास रहते हैं। रात को 11 बजे आरोपी बजरंगलाल ने परिवादी की मां को गालियां निकाली। उसका भाई पवन व मां आरोपी को समझाने तेजाराम के घर गए। आरोपी ने कुल्हाड़ी से पवन पर वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में सुनवाई के बाद बजरंगलाल को सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में 11 गवाहों के बयान हुए। कोर्ट ने पीड़ित प्रतिकर स्कीम में क्षतिपूर्ति राशि देने की अनुशंसा जिला विधिक प्राधिकरण से की है।

## लाखों की नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (निसं)। पुत्र को नौकरी के लिए विदेश भेजने का झांसा देकर पीड़ित से लाखों की नकदी हड़पने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पीड़ित वेलासुरा पत्नी राजेन्द्र सुरा निवासी 6 ए मार्वल वार्टर पार्क गोवर्धन विलास ने आरोपी गुरमीत निवासी ओल्ड गोविन्दपुरा एक्स कृष्णा नगर पूर्वी दिल्ली सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीर्डित ने बताया कि मरे पुत्र दिव्यांशु को युके में नौकरी करने के लिए गुगल पर सर्च किया तो आरोपी की कंपनी के दिये नंबर पर संपर्क किया।

# बिना लाइसेंस के यूरिया भंडारण का मामला सामने आया

**बीकानेर,** (निसं)। कृषि विभाग की संयुक्त कार्रवाई में छत्तरगढ़ क्षेत्र में मंडी आरडी-465 स्थित बुडिया एंड कंपनी पर बड़ी मात्रा में बिना लाइसेंस के यूरिया भंडारण का मामला सामने आया है। संयुक्त निदेशक कृषि (गुण नियंत्रण), कृषि आयुक्तालय राजस्थान के. के. मंगल तथा छत्तरगढ़ एसडीएम पवन कुमार के निर्देश पर की गई कार्रवाई में कुल 368 कट्टे यूरिया के जब्त किए गए। यह यूरिया श्रीराम फर्टिलाइज़र की ओर से उत्पादित था, जिसे ट्रक से मंडी लाया गया था। मौके पर पहुंची टीम ने पाया कि बुडिया एंड कंपनी के पास उर्वरक विक्रय का वैध लाइसेंस नहीं है।

- यूरिया की कालाबाजारी पर कृषि विभाग की कार्रवाई, 368 कट्टे यूरिया के जब्त

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि ट्रक में लदे यूरिया पर अनिल ट्रेडिंग कम्पनी, घड़साना के नाम की बिल्टी मौजूद थी, ट्रक सूरतगढ़ रैक पॉइंट से रवाना हुआ तथा घड़साना जाना था लेकिन यह घड़साना के स्थान पर मंडी आरडी-465 स्थित बुडिया एंड कंपनी पर पहुंच गया, जिससे कालाबाजारी का शक गहराया। अवैध भण्डारण, अवैध परिवहन व कालाबाजारी की आशंका के कारण जब्ती की कार्यवाही की गई।

सहायक निदेशक कृषि (मुख्यालय) सुरेन्द्र कुमार मारू व कृषि अधिकारी छत्तरगढ़ सोमेश कुमार तंवर की ओर से ये कार्रवाई की गई कार्रवाई के दौरान प्रेम कुमार भांभू सहायक कृषि अधिकारी, हड़मान राम , मूलाराम और राकेश आदि कृषि पर्यवेक्षक मौके पर मौजूद थे। वहीं प्रशासन की ओर से भैरूलाल (नायब तहसीलदार) और धर्मेन्द्र मीणा के साथ कई पुलिसकर्मी भी कार्रवाई में शामिल हुए।

# कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 343 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की




राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने समारोह में विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की।

**कोटा,** (निसं)। कृषि विश्वविद्यालय का 8वां दीक्षांत समारोह गुरुवार को राज्य कृषि प्रबंध संस्थान (सिआम) ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने की। समारोह में अकादमिक वर्ष 2023-24 की स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्यावाचस्पति परीक्षाओं में उत्तीर्ण 343 अभ्यर्थियों को उपाधियां प्रदान की गई। इनमें से 287 कृषि, उद्यानिकी एवं वानिकी स्नातक, 44 कृषि, उद्यानिकी एवं वानिकी स्नातकोत्तर तथा 12 कृषि एवं उद्यानिकी विद्यावाचस्पति के अभ्यर्थी शामिल हैं। दीक्षांत समारोह में कुल 14 अभ्यर्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये गये, जिनमें से 09 स्वर्ण पदक छात्राओं तथा 05 छात्रों ने प्राप्त किए। आरती चन्द्रन स्नातकोत्तर (वानिकी), वनोत्पाद एवं उपयोग को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से तथा ट्विंकल वर्मा स्नातक (ऑनर्स) कृषि को कुलपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

राज्यपाल बागड़े ने अपने उद्बोधन में कहा कि दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं बल्कि यह जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि बेटियां आगे बढ़ेंगी तभी समाज समुचित रूप में उन्नति के पथ पर अग्रसर हो सकता है। मुझे खुशी है कि राजस्थान में बेटियां उच्च शिक्षा में निरंतर आगे बढ़ रही है।

राज्यपाल बागड़े ने कहा कि विश्व में जनसंख्या के अनुपात में अन्न उत्पादन की अत्यंत आवश्यकता है, जिसके लिए गुणवत्तापूर्ण खेती अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि ज्यादा पैदावार के लिए रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है, जिससे जैविक तंत्र, पारिस्थितिकी एवं मानव स्वास्थ्य को खतरा है। अत: रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम कर प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित खेती को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से अधिक उत्पादन कैसे लिया जाए, इसके लिए हमारे कृषि विश्वविद्यालयों को ध्यान देने की जरूरत है। कृषि वैज्ञानिकों को इस हेतु चिंतन एवं मनन करने की आवश्यता है। उन्होंने कृषि और किसान से जुड़े सहायक व्यवसायों को बढ़ावा देने की आवश्यकता जताई, जिनमें विशेष रूप से डेयरी उद्योग का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय आधुनिक ज्ञान-विज्ञान, नवीनतम तकनीकों एवं व्यावहारिक समाधान के प्रसार का सशक्त केन्द्र बनें। विश्वविद्यालय किसानों के हित में संचालित योजनाओं को प्रभावी रूप से जमीन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि हाड़ौती की धरती पर उच्च गुणवत्ता वाला बासमती चावल उगाया जाता है, जिसकी आपूर्ति विश्व के कई देशों में की जाती है। इस उपलब्धि के लिए यहां के किसान धन्यवाद के पात्र हैं।

- रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम कर प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित खेती को अपनाना होगा : राज्यपाल बागड़े

अष्टम दीक्षांत समारोह में कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.अभय कुमार व्यास, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के कुलगुरु प्रो.एस.के. सिंह, कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत, कुलसचिव मनीषा तिवारी, प्रबंध मण्डल सदस्य, विद्या परिषद, महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय के निदेशक, वित्त नियंत्रक, परीक्षा नियंत्रक, सम्पदा अधिकारी एवं विश्वविद्यालय की सभी इकाईयों के अधिकारी व कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत अधिकारी उपस्थित रहे।

# फरार तांत्रिक को तेलंगाना से पकड़ा, यूपी से दो साथी गिरफ्तार

## तंत्र-मंत्र से रुपए दोगुना करने का झांसा देने और प्रसाद के रूप में जहरीला हलवा खिलाकर तीन लोगों की मौत का मामला

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के खाजूवाला में तंत्र-मंत्र से रुपए दोगुना करने का झांसा देने और प्रसाद के रूप में जहरीला हलवा खिलाकर तीन लोगों की मौत के मामले में फरार तांत्रिक को तेलंगाना में पकड़ा गया है। उसके दो साथियों को भी यूपी से गिरफ्त में लिया गया है।

खाजूवाला में रुपए दोगुना करने पहुंचे तांत्रिक बी. शिवा ने प्रसाद के रूप में जहरीला हलवा खिलाया था जिससे गफ्फार खां, तांत्रिक के गिरोह में शामिल शैतानसिंह और विक्रमसिंह की मौत हो गई थी। गफ्फार खां के घर में 12 जून को तांत्रिक क्रिया की गई थी। अगले दिन रुपए दोगुना करने के नाम पर झांसा देने का राज खुलने पर गफ्फार के परिजनों ने तांत्रिक की धुनाई की और उसे घर से निकालकर 50 लाख रुपए अपने कब्जे में कर लिए थे। पुलिस ने रुपए बरामद कर लिए और फरार तांत्रिक को तेलंगाना के निजामाबाद से हिरासत में लिया है। पुलिस लगातार तांत्रिक के पीछे थी। उसके निजामाबाद पहुंचने पर वहां की पुलिस की मदद से उसे हिरासत में लिया है। तांत्रिक के अलावा उसके साथी यूपी के आजमगढ़ निवासी धर्मेन्द्र और गोरखपुर निवासी जितेन्द्र तिवारी को भी गिरफ्त में लिया गया है। तीनों को बीकानेर लाया जा रहा है। पुलिस गुरुवार को इस मामले में खुलासा करेगी। अभियुक्तों में शामिल लोग एक-दूसरे के संपर्क में थे जिन्होंने रुपए दोगुना करने के झांसा देकर बड़ी रकम हड़पने की प्लानिंग बनाई। तांत्रिक बी. शिवा और झारखंड निवासी मनोज वर्मा एक-दूसरे के परिचित थे। यूपी में गोरखपुर निवासी जितेन्द्र तिवारी और आजमगढ़ निवासी धर्मेन्द्र भी मनोज वर्मा के संपर्क में थे।

जोधपुर निवासी रामस्वरूप भी उसके संपर्क में था जो अजमेर निवासी शैतानसिंह का भी जानकार था। शैतानसिंह और खाजूवाला निवासी गफ्फार एक-दूसरे का जानते थे। रुपए दो गुना करने के नाम पर झांसा देकर एक करोड़ रुपए हड़पने की प्लानिंग बनाई गई जिसमें शैतानसिंह ने अजमेर निवासी विक्रमसिंह को भी शामिल कर लिया। तांत्रिक बी. शिवा अपने ड्राइवर के साथ और यूपी निवासी धर्मेन्द्र और जितेन्द्र अलग गाड़ी में 6 जून को अजमेर पहुंचे। तांत्रिक जयपुर गया और वहां से वापस अजमेर पहुंचा। अजमेर से 10 जून को खाजूवाला आए थे।

पुलिस ने तंत्र-मंत्र से रुपए दोगुना करने और तीन लोगों की मौत से जुड़े इस मामले में अब तक तीन अभियुक्त तांत्रिक के साथी जोधपुर निवासी रामस्वरूप, मृतक गफ्फार खां के दामाद मुश्ताक, साढू के पुत्र यूसुफ को गिरफ्तार किया है। मुश्ताक को 19 जून तक रिमांड पर है। रामस्वरूप और यूसुफ को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में तांत्रिक के साथी मनोज वर्मा, गफ्फार के पुत्र सलमान सहित अन्य की गिरफ्तारी बाकी है। इसके अलावा तांत्रिक और उसके दो साथियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।